newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ५० | १ से ७ जनवरी २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024


## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## खामोश

कतर में भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों की सजा-ए-मौत रद्द कर दी गई है। उन्हें अब कारावास की सजा दी गई है। वह सजा कितने साल की होगी, यह अदालत के विस्तृत फैसले से ही स्पष्ट होगा। यह अदालती फैसला भारत और उसके पूर्व नौसैनिकों के लिए सुखद और राहतपूर्ण है, क्योंकि जासूसी के अपुष्ट आरोपों पर भारतीय विदेशों में जेल की सजाएं झेलते रहे हैं। कतर में मौत की सजा ने भारत को हैरानी के साथ-साथ सदमे में भी डाल दिया था। कतर के सरकारी अफसर अपराध का खुलासा नहीं कर रहे थे और न ही आरोपों को सार्वजनिक कर रहे थे। यह आरोप जरूर सामने आया कि पूर्व नौसैनिकों ने कतर की एक महत्त्वपूर्ण पनडुब्बी परियोजना की संवेदनशील सूचना इजरायल को दी थी। मौजूदा संदर्भों में भारत इजरायल का मित्र-देश है, जबकि कतर हमास के सियासी नेतृत्व की आर्थिक मदद करता रहा है और उन्हें पनाह भी देता रहा है, लेकिन पनडुब्बी वाली सूचना को लेकर कतर के आरोपों का आधार पुख्ता नहीं था और न ही साक्ष्य थे। बहरहाल भारत की कूटनीतिक और कानूनी लड़ाई रंग लाई और 8 भारतीय मौत की सजा से बच गए। भारत और कतर के दरमियान 2015 का एक समझौता है, जिसके तहत सजायाफ्ता लोगों को उनके गृह देश में ही स्थानांतरित करने का प्रावधान है। वे शेष सजा अपने ही देश में काट सकते हैं। मौजूदा मामले में क्या होता है, उसका खुलासा आने वाले दिनों में ही होगा। गौरतलब यह भी है कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की दुबई में मुलाकात पर्यावरण के कॉप-28 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। प्रधानमंत्री ने पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी और सजा-ए-मौत का जिक्र किया था अथवा नहीं, सरकार उसे लेकर बिल्कुल खामोश है। अगस्त, 2022 में भारत के पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें एकांत कारावास में रखा गया था और मामले को पूरी तरह 'गोपनीय' बना दिया गया था। दोनों ही सरकारों ने आरोपों पर सार्वजनिक बातचीत करने में संकोच बरता। हालांकि कतर में भारत के वाणिज्य दूत और कानूनी टीम को पूर्व नौसैनिकों से मिलने की इजाजत दी गई। कतर में 8 लाख से अधिक भारतीय बसे और काम करते हैं। पूरे पश्चिमी एशिया में भारतीयों की कार्यरत आबादी सर्वाधिक है, लिहाजा जासूसी के आरोप सहज और चुनौतीपूर्ण हैं। पूर्व नौसैनिकों में कैप्टन स्तर के अधिकारी भी हैं, जो ओमान की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नॉलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज कंपनी' के लिए काम कर रहे थे। कंपनी कतर की नौसेना को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दे रही थी। हम किसी भी तरह का दावा नहीं कर सकते कि यह रक्षा-कंपनी संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न रही है या उसे 'काली सूची' में डाल देना चाहिए अथवा भारतीय अब भी इस कंपनी में कार्यरत हैं या कंपनी छोड़ चुके हैं, लेकिन विदेशी कंपनियों में शामिल होने से पहले भारतीयों को विस्तृत जानकारी ले लेनी चाहिए कि उन कंपनियों की पृष्ठभूमि क्या रही है। जिन देशों की न्यायिक व्यवस्था 'ब्लैक बॉक्स' जैसी है, वहां नौकरी नहीं करनी चाहिए। आखिर न्यायिक इंसाफ तो अनिवार्य है। कमोबेश यह मामला भारतीयों को कई बड़े सबक दे सकता है। आज की युवा पीढ़ी वे सबक लेना चाहे अथवा विदेश जाने की अंधी दौड़ में शामिल रहे। फिर भी पश्चिमी एशिया में हमें अपनी सक्रियता और तालमेल, संपर्क को बढ़ाना चाहिए, क्योंकि आज दुनिया ही एक परिवार की तरह है।

## मीरा भायंदर शहर में मुख्यमंत्री ने कि सफाई अभियान की शुरुआत

**भाईंदर।** पुरे देश में भाजपा सरकार सफाई अभियान योजना चला रही हैं इसी क्रम में मीरा भाईंदर नगरपालिका द्वारा आयोजित डीप क्लीन ड्राइव अभियान के शुभारंभ पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी शहरों से वायु गुणवत्ता में सुधार करने और स्वच्छता को बढ़ावा देने की अपील की थी और मुख्यमंत्री खुद मुंबई, ठाणे नगरपालिका के स्वच्छ अभियान में भाग ले चुके हैं। इसी तर्ज पर 30 दिसंबर को मीरा भायंदर शहर में गहन सफाई अभियान शुरू किया गया है।









इस अभियान को मुख्यमंत्री की संकल्पना पर मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने साकार किया. दिनांक 30 दिसम्बर 2023 नवघर हनुमान मंदिर के पास क्षेत्र में माननीय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में आयोजित किया गया। माननीय विधायक प्रताप सरनाईक एवं मा. इस अभियान में विधायक गीता जैन भी शामिल हुईं. डीप क्लीन ड्राइव अभियान का उद्देश्य सड़कों और फुटपाथों पर धूल को कम करना है। इस अभियान के दौरान कई नागरिकों, राजनीतिक प्रतिनिधियों और गैर सरकारी संगठनों ने इस अभियान का समर्थन करने के लिए स्वतःस्फूर्त रूप से भाग लिया। साथ में नगर निगम के सफाई कर्मचारी श्री. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सड़क पर उतरकर भाषण दिया. उन्होंने नगरपालिका प्रशासन को अच्छी गुणवत्ता की झाडू इस्तेमाल करने की सलाह भी दी. इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना भी की. माननीय. मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाए गए सघन स्वच्छता अभियान में शनिवार को प्रभाग नंबर 11 और 12 में क्लास अधिकारियों के नेतृत्व में 22 टीमें अथक परिश्रम कर रही थीं। इसके बाद 8 मार्च तक हर शुक्रवार को यह अभियान पूरे शहर में चलाया जाएगा। इस विशेष अभियान में वार्डों में सड़कों, डिवाइडरों, फुटपाथों और सड़कों के किनारे को पूरी तरह से साफ किया जाएगा। बस स्टॉप, दीवारों से पंपलेट और स्टिकर हटाने और शहर में थूकने वाले लाल स्थानों की सफाई की जाएगी। मीरा भायंदर नगरपालिका की पहल की सराहना करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री एकनाथजी शिंदे ने हनुमान मंदिर, गोल्डन नेस्ट रोड जैसे स्थानों पर स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। नागरिक भागीदारी और क्यूआर कोड निगरानी के माध्यम से कचरे की छंटाई पर जोर देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री ने कमिश्नर की सराहना की. मीरा भयंदर नगरपालिका के आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने अभियान के दौरान मैरी गोल्ड सोसाइटी में अभिनव अपशिष्ट छँटाई प्रणाली प्रस्तुत की। उस समय माननीय मुख्यमंत्री ने नागरिकों से बातचीत की, पहल में उनकी भूमिका को समझा और स्वच्छता के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व को समझाया। मीरा भायंदर नगरपालिका भविष्य में भी यह सफाई अभियान जारी रखेगा। शहरवासियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने के उद्देश्य से मीरा भायंदर नगर निगम सदैव कार्य करता रहेगा और आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर (बी.पी.एस.) की ओर से नागरिकों से भी सहयोग करने का अनुरोध किया जाता है। साथ ही कमिश्नर ने सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया और उनसे भविष्य में इस पूरे अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की.

## भाजपा के पूर्व नगर सेवक मदन सिंह ने भायंदर में महा मेडिकल शिबिर कैम्प का आयोजन किया



**भाईंदर :** संपूर्ण देश में भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी की जंयती के अवसर पर विभीन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये इस अवसर पर भाईंदर पूर्व में भी भायंदर पूर्व के बंदर वाडी म्युन्सिपल स्कूल मे मेडिकल कैम्प का शानदार आयोजन किया गया. पूर्व नगर सेवक मदन सिंह जी व सानवी अस्पताल, ट्रामा सेंटर एवं राजीव गाँधी ब्लड बैंक के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम मे रक्त दान शिविर, ओक्सिज सेचुरेशन, बॉडी मास इंडेक्स, हार्ट रेट, बी पी एवं जनरल चेकअप जैसी सुविधाएं उपलब्ध थी. इस कार्यक्रम का आयोजन सुबह ९ बजे से दोपहर ४ बजे तक किया गया था जिसका लाभ करीबन ५०० लोगों ने लिया. इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे श्री नरेंद्र मेहता ( पूर्व भाजपा विधायक), श्री किशोर शर्मा ( भाजपा जिला अध्यक्ष - मिरा भायंदर) , श्री सुरेश सिंह ( अध्यक्ष - उत्तर भारतीय मोर्चा - मिरा भायंदर) उपस्थित थे. कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता जी के हस्तों संपन्न हुआ. प्रमुख अतिथियों के रूप मे नरेश धाकड (उद्योगपति / संस्थापक अध्यक्ष - धाकड फाउंडेशन) , श्री मूलचंद हरसिंह नागडा (सदस्य--जीवदाय स्टे. स्टील मि. भा. एसो) , श्री हसमुख गहलोत, (पूर्व नगर सेवक एवं उप महापौर ) (पूर्व महापौर डिंपल मेहता,) व आदि मान्यवर उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत मे मुख्य अतिथि नरेंद्र मेहता जी ने अपने संबोधन मे स्व श्री अटल बिहारी बाजपेई जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा की स्व. श्री बाजपेयी जी वैश्विक राजनीति के अजान शत्रु थे. अटल जी के विचारों एवं संस्कारों पर चलते हुए देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मा. श्री. नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व मे भाजपा सिर्फ देश मे ही नही अपितु समूचे विश्व मे सबसे बड़ी पार्टी के रूप मे खुद को स्थापित कर चुकी है. पूर्व उप महापौर हसमुख गहलोत जी ने भी अपने संबोधन मे कहा की भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है, किसी व्यक्ति की नही. जिसे बड़ा करने मे कार्यकर्ताओ का खून पसीना लगा हुआ है. और भाजपा इसी तरह जनता के हितों के लिए सदैव समप्रित रहते हुए एक एक भारत वासी के साथ साथ हमारे देश को वैश्विक स्तर बुलंदियों पर स्थापित कर दिखाएगी. भाजपा जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने स्व. बाजपेयी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा की मा. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं भाजपा अध्यक्ष अमित शाह जी के नेतृत्व मे एवं पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता जी के मार्गदर्शन मे बतौर जिला अध्यक्ष वे मिरा भायंदर शहर मे भाजपा की नींव को और मजबूत करने एवं जनता के हितों के सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे. उन्होंने आगे कहा की वरिष्ठ भाजपा नगर सेवक मदन सिंह जी द्वारा स्व. बाजपेयी जी के सम्मान मे पिछले २१ वर्षो से मेडिकल कैम्प का अबाध रूप से आयोजन किया जा रहा है जिसकी जितनी सराहना की जाए कम होगी. लगातार चार बार नगर सेवक चुने गए मदन सिंह जी सदैव जनहित के लिए एवं उसके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध रहते आ रहे है. इस अवसर पर समाज सेवी शैलेश पांडे एवं जटाशंकर पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किये. इस कार्यक्रम के अवसर पर मिरा भायंदर शहर के कई नामचीन पत्रकार भी उपस्थित थे जिनमे केतन बारिया, ओ. पी. सिंह, राजा मयाल, समीर मालपानी, रवि टून्ना, राम दुबे, शफीक सुल्तानपुरी एवं अनिल उपाध्याय का समावेश है. कार्यक्रम के सफल आयोजन मे डॉ सुनील चोपडे ( फैमिली फिजीशियन) डॉ प्रतिमा चोपडे ( फैमिली फिजीशियन) , डॉ रोहित प्रजापति ( फैमिलीफिजीशियन ) डॉ अभिषेक चतुवेर्दी ( अस्थि रोग तज्ञ) , डॉ आकाश सिंह ( दंत चिकित्सक) एवं डॉ तनुजा सिंह ( दंत चिकित्सक ) का अमूल्य सहयोग रहा. कार्यक्रम के समापन पर मदन सिंह जी ने उपस्थित सभी अतिथियों, डॉक्टर्स एवं अन्य गणमान्यों का आभार व्यक्त किया.

## विकसित भारत संकल्प मोदी विकास रथ यात्रा पूरे देश में





**मीरा भाईंदरः** पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकास रथ यात्रा के माध्यम से केंद्र की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शहर के जनता तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में दिनांक 27 दिसंबर 2023 मीरा भाईंदर शहर में मोदी विकास रथ यात्रा की शुरूवात की गई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य मोदी सरकार की प्रायोजित सभी योजनाओं की सूचना एवं उसका लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज बुधवार दिनांक २७ /१२/ २०२३ को भाईंदर पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास और बॉम्बे मार्केट नाके पर आयोजन किया गया था, इस यात्रा में आयुष्मान भारत योजना के लिए १०० लाभार्थी के कार्ड का रजिस्ट्रेशन हुआ है, आरोग्य शिविर में १०२ नागरिकों ने लाभ लिया। प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना में १५० लाभार्थी ने अजी की है। आधार कार्ड में लिये ६३ लाभार्थी ने अपने कार्ड को अपडेट किया है। शहर की जनता में भारी उत्साह एवं हर्ष का माहौल था। मोदी जी को सभी लोग धन्यवाद अदा कर रहे थे। शहर की जनता 'मोदी विकास रथ'को 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' बता रहे थे' विकसित भारत संकल्प यात्रा में मोदी विकास रथ के माध्यम से मोदी जी की जन कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी जा रही थी। विकसित भारत संकल्प मोदी विकास रथ यात्रा पूरे शहर में 32 जगह पर जाएगी और पूरे 11 दिन तक चलती रहेगी। इस कार्यक्रम में जिल्हा अध्यक्ष किशोर शर्मा जी के साथ, जिला उपाध्यक्ष- सुनील केसरी, महामंत्री- ध्रुव किशोर पार्टी एवं भाजपा नगरसेवक और कार्यकर्ता उपस्थित थे

## भाईदर के सरकारी अस्पताल में महिला का ऑपरेश सफल हुआ

**भाईंदर :** आज पंडित भीमसेन रुग्णालय में गर्भवती महिला का बच्चा 8 महीने की अवधि में पेट में अंतकाल हो गया। प्रथम वह भाईंदर महापालिका के इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती किया गया वहां सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे भक्ति वेदांत में भेजा गया आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार होने के कारण प्राइवेट में ऑपरेशन कराना संभव नहीं था। ऑपरेशन अत्यंत आवश्यक बच्चें को पेट से ऑपरेशन करके निकलना बहुत जरूरी था कांग्रेस के युवा अध्यक्ष तथा समाज सेवक दीप काकडे ने ओमप्रकाश गाड़िया नियामक मंडल सदस्य पंडित भीमसेन हॉस्पिटल सहयोग करने के लिए फोन करके मदद करने के लिए कहा ओम प्रकाश ने पंडित भीमसेन के मुख्य मुख्य चिकित्सा जफर तड़वी साहब संपर्क करके महिला को तुरंत पंडित भीमसेन में ऑपरेशन के लिए लाया गया। उसका ऑपरेशन करके मृत्यु बच्चे को निकाल कर के सफल ऑपरेशन किया मां सुरक्षित है। इस कार्य मुख्य चिकित्सा जफर तड़वी और डॉक्टर शाह जिन्होंने ऑपरेशन किया ओम प्रकाश अग्रवाल गारोदिया नियामक मंडल सदस्य पंडित भीमसेन हॉस्पिटल बहुत मदद की इन सभी सम्माननीय जनो को मेरी तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद !

## विरार में बांग्लादेशियों पर पुलिस का शिकंजा

**विरार-** मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत आने वाले विरार पुलिस ने दस वर्षो से अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली की विरार पूर्व स्थित चंदनसार के कोपरी इलाके में बसे ओम साई अपार्टमेंट के रूम नंबर २०३ में कुछ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे है। जिसके बाद विरार पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने उक्त स्थान पर जाल बिछाकर सैदुल मकुल शेख तथा रसल मुस्तफा शेख नाम के दो व्यक्ति गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया की वो दस साल से यहां रह रहें है। जिसके बाद विरार पुलिस ने दोनों बांग्लादेशियों पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई।










## कृषि विभाग

### उप विभागीय कृषि अधिकारी कल्याण, जिल्हा ठाणे.

### ई-निविदा सुचना क्र उविकृअक -०३ / २०२३-२४

खालील तक्यात नमुद केल्याप्रमाणे बिविध कामे करण्यासाठी उप विभागीय कृषि अधिकारो कल्याण, जिल्हा ठाणे हे बो-१ प्रपत्रात ई-निविदा योग्य त्या वगार्तील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून आमंत्रित करण्यात येत आहेत. सविस्तर माहिती महाराष्ट्र इलेक्ट्रॉनिक निविदा व्यवस्थापन प्रणालीचे http//mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक ०१.०१.२०२४ पासुन पहावायास व डाऊनलोड करावयास मिळतील. सर्व शुध्दिपत्रक, दुरुस्त्या सुध्दा याच संकेत स्थळावर प्रसिध्द करण्यात येतील. कामाचे संक्षिप्त वर्णन खालील प्रमाणे :-(रक्कम - रुपये)

| अ. क्र. | कामाचे नाव | कामाची अंदाजीत रक्कम | बयाना रक्कम | निविदा शुक्ल + GST | नोंदणी वर्ग | निविदा डाऊनलोड सुरु करणे दिनांक | निविदा तारखेचा अंतिम दिनांक | निविदा उघडणे दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **पात्र नोंदणीकृत कं त्राटदारासाठी** | | | | | | | |
| | जुनी भात शेती दुरुस्ती, गाव - खडको , गटक्र ९ ते ४, ता भिवंडी, गाव - लाखीबली, गट क्र ९ ते २०, ता भिवंडी, गाव - शेलार सिटी, गट क्र ९ ते ४, ता भिबंडी, जि ठाणे | १३७३१०७ | १३७३१ | ५१० | योग्य त्या वर्गातील पात्र नोंदणीकृत कंत्राटदार | ०१,.०१,.२०२४ स.११.०० वा | १५,.०१,.२०२४ दु.४.०० वा | १६.१.२०२४ दु.४.०० वा |
| | **ठाणे जिल्हयातील नोंदणीकृत सुशिक्षीत बेरोजगार अभियंता यांचेसाठी** | | | | | | | |
| | जुनी भात शेती दुरुस्ती, गाव - साईंगाब , गट क्र ९ ते ४, ता भिबंडी, गाव - खानिबली,, गट क्र ९ ते ५, ता भिवंडी, गाव - पिंपळनेर गट क्र १ ते ७, ता भिवंडी जि ठाणे | ११५२२०३ | ११५२२ | ५९० | ६ व त्यावरील | ०१,.०१,.२०२४ स.११.०० वा | १५,.०१,.२०२४ दु.४.०० वा | १६.१.२०२४ दु.४.०० वा |
| | **ठाणे जिल्हयातील नोंदणीकृत मजुर कामगार सहकारी संस्था यांचेसाठी** | | | | | | | |
| | वया भात शेती दुरुस्ती, गाव - खालिंग खु. गट क्र ९ ते १३, ता भिवंडी जि ठाणे | १४४६९८६ | १४४७० | ५९० | म का स स | ०१,.०१,.२०२४ स.११.०० वा | १५,.०१,.२०२४ दु.४.०० वा | १६.१.२०२४ दु.४.०० वा |

**टिप :-** मा संचालक, मृद संधारण व पाणलोट क्षेत्र व्यवस्थापन, कृषि आयुक्तालय, पुणे यांचेकडील मा.सु. जाक्र मृदस/६/ई निविदा / १२६०१/२०२३ दि ०६.०४.२०२३ अन्वये ई निविदा मार्गदर्शक सुचना नुसार प्रत्येक निविदाधारकाने निविदा भरण्यापुर्वी कामाची व्याप्ती, निविदेतील नमुद माहितीची पडताळणी करणेसाठी कार्यस्थळाचे ठिकाण व ईतर महत्वाच्या कार्यक्षेत्राची पाहणी करुन Geo Tagging प्रमाणपत्र व फोटो निविदा सोबत सादर करणे बंधनकारक आहे. सदर बाबत सविस्तर तपशिल व सादर करावयाच्या प्रमाणपत्राचा नमुना निविदा संचात समाविष्ठ आहे. .कोणतीही एक किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता नाकरण्याचा अधिकार उप विभागीय कषि अधिकारी कल्याण, जिल्हा ठाणे यांनी राखून ठेवला आहे.

**स्वाक्षरीत/-**
उप विभागीय कृषि अधिकारी
कल्याण, जि.ठाणे

**क्र. जिमाका/ठाणे/जाहि/ 2023-24/126**

# खाली प्लॉटों पर 38 करोड़ का टैक्स बकाया है




**भायंदरः** मीरा-भायंदर मनपा को खाली जमीन के टैक्स से 12 करोड़ रुपये की आय हुई है. अब प्रशासन के सामने महज तीन महीने में 38 करोड रुपये वसूलने की बड़ी चुनौती है. नगर निगम इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहा है। इसलिए प्रशासन पालिका की आय बढ़ाने पर जोर दे रहा है। इस वर्ष, नागरिकों को तीन महीने पहले कर भुगतान दिया गया है और इस प्रकार नगर पालिका को भुगतान किया गया है खजाना भर रहा है. लेकिन नगर पालिका के राजस्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रिक्त भूमि कर को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। खाली प्लॉटों का टैक्स बकाया 32 करोड़ हो गया है। इस साल प्लॉट टैक्स फ्री के लिए नगर निगम ने बजट (वर्ष 2023-2024) में प्रावधान कर 50 करोड़ रुपये आय की उम्मीद जताई है. अब दिसंबर (18) तक सिर्फ 12 करोड़ की वसूली हो पाई है. इसलिए प्रशासन के सामने तीन माह में 38 करोड़ की वसूली करने की बड़ चुनौती है. वैकेंसी टैक्स हर साल 2 करोड़ तक है. नगरपालिका ने उसी ध्यान को प्राप्त करने का एक उद्देश्य निर्धारित किया है।




# भागवत कथा का भव्य आयोजन दादी परिवार की और से



**भायंदर :** दादी परिवार भायंदर (दादी परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत) द्वारा आयोजित अठारवा वार्षिक उत्सव व श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। परिवार के अध्यक्ष सीए हरीश अग्रवाल ने बताया कि पूज्य देवी चित्रलेखाजी की वाणी में भागवत कथा 1 से 7 जनवरी 2024, तक दोपहर 3 बजे से शाम ७ बजे तक बालाजी (पपैया) ग्राउंड, टेम्बा रोड, मैक्सेस मॉल के पास, भायंदर (वेस्ट) में होगी।कथा के मुख्य यजमान-निवेदक सुमित्रा एवं सांवरमल अग्रवाल (समाजसेवक), भायंदर, रुपा एवं एड.रवि व्यास मीरा भायंदर 145 विधानसभा चुनाव प्रमुख एवं समाजसेवी, मुख्य अतिथि एवं प्रेरणाश्रोत आनंद रामप्रसाद अग्रवाल, हरीश (मोंटूजी) बाबूलाल अग्रवाल, रमेश मनुभाई मेहता, गौरव दिलीप पोरवाल, श्याम सुंदर राधेश्याम अग्रवाल, मनोज मोटाजी पुरोहित राकेश जगदीश अग्रवाल, सुरेश जगदीश खंडेलवाल, पंकज पांडे (दरोगा) हैं।








# मारवाड़ी युवा मंच द्वारा मरीजों को किया कंबल वितरण



**भायंदर :** मारवाड़ी युवा मंच, भायंदर शाखा द्वारा भारतरत्र पंडित भीमसेन जोशी रुग्नालय (टेम्बा अस्पताल), भायंदर पश्चिम में मुंबई की ठंड को देखते हुए अस्पताल के मरीजों को और कर्मचारियों को कंबल वितरित किये गए। शाखा अध्यक्ष रतन टिबरेवाला ने मुख्य अतिथि विधायक गीता भरत जैन का स्वागत किया। कार्यक्रम में जैन ने मारवाड़ी युवा मंच की सराहना करते हुए कहा कि सक्षम व्यक्तियों को आगे आकर समाज के जरुरतमंदों के लिए कुछ न कुछ अवश्य करते रहना चाहिए। किसी जरूरतमंद की मदद करके सदैव ही आत्मिक सुख प्राप्त होता है। टेंबा हॉस्पिटल नियामक समिती सदस्य व पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश गाड़ोदिया ने कहा कि इस तरह का आयोजन एक सराहनीय कदम है। पूर्व नगरसेवक सुमन कोठारी, परोपकार से संजय अग्रवाल टेम्बा हॉस्पिटल से डॉ मनोहर, अदिति शिंदे की विशेष उपस्थिति रही समन्वयक प्रवीण करवा ने संस्था का परिचय दिया! कार्यक्रम में अभिषेक मुरारका, शशिवरतन दम्माणी, रुचिका मान्धनिया, अभिषेक राठी, सर्वेश कानोरिया, कयान मुरारका, अनाया करवा सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।







# एमडी पावडर के साथ तीन गिरफ्तार

**ठाणे ,** शहर के सिविल अस्पताल इलाके और मुंब्रा से तीन नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने 118 ग्राम एमडी पावडर जब्त किया है, जिसकी कीमत पौने ग्यारह लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस की अपराध शाखा की महिला सहायक पुलिस निरीक्षक के दस्ते ने गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर मुंब्रा, एमएम वैली, टीएमसी पानी की टंकी के पास से दिलावर हुसैन खान को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 30 ग्राम एमडी पावडर मिला है, जिसकी कीमत 2 लाख 86 हजार 900 रुपये बताई गई है। इसी तरह मादक पदार्थ विरोधी दस्ते के सहायक पुलिस निरीक्षक मोरे के दल ने शहर के सिविल अस्पताल इलाके में जाल बिछाकर जयेश प्रदीप कांबली (25), विघ्नेश विनायक शिर्के (28) को गिरफ्तार कर उनके पास से 78 ग्राम एमडी पावडर जब्त किया है। जिसकी कीमत 7 लाख 88 हजार रुपये बताई गयी। पुलिस मादक पदार्थ की तस्करी के मामले की जांच कर रही है।





















# सरकार पत्रकारों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी - पवार

**पुणे,** राज्य सरकार की ओर से पत्रकारों को आचार्य बालशास्त्री जांभेकर पत्रकार सम्मान योजना, शंकरराव चव्हाण स्वर्ण जयंती पत्रकार कल्याण निधि के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की जाती हैं; उपमुख्यमंत्री और जिला संरक्षक मंत्री अजीत पवार ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार भविष्य में भी पत्रकारों को विभिन्न सुविधाएं और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। वह पिंपरी-चिंचवड़ के होटल इलेवन 23 में आयोजित 'पुणे अचीवर्स 2023' के कॉफी टेबल बुक विमोचन और पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर, पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम आयुक्त शेखर सिंह, पूर्व विधायक विलास लांडे, महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष वसंत मुंडे, महासचिव विश्वास अरोटे, आयोजक संजय भोकरे, पश्चिम महाराष्ट्र पत्रकार संघ के अध्यक्ष नितिन शिंदे, पिंपरी- चिंचवड़ शहर कार्यकारी सदस्य बबन पवार और अन्य उपस्थित थे। श्री। पवार ने कहा, आचार्य बालशास्त्री जांभेकर पत्रकार सम्मान योजना के माध्यम से राज्य के वरिष्ठ पत्रकारों को



उनके काम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सम्मानजनक सम्मान राशि दी जा रही है. पत्रकारों की गंभीर बीमारी, दुर्घटना या अचानक मृत्यु की स्थिति में उन्हें या उनके परिवारों को शंकरराव चव्हाण स्वर्ण जयंती पत्रकार कल्याण कोष के माध्यम से मदद की जाती है। बजट सत्र में इस फंड के लिए 50 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है. अब पहले 50 करोड़ और बजट सत्र में 50 करोड़ 100 करोड़ रुपये हो गये हैं. उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों की मांगों पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस से चर्चा कर सही रास्ता निकाला जायेगा. आचार्य बालशास्त्री जाम्भेकर ने 'दर्पण' के माध्यम से मराठी पत्रकारिता की नींव रखी। मराठी पत्रकारिता में निडरता, निष्पक्षता और जनोन्मुखता की विरासत है। मीडिया ने राज्य सरकार की ओर से लिये गये निर्णयों, नीतियों और गतिविधियों को नागरिकों तक पहुंचाने का बहुत अच्छा काम किया है।

मीडिया ने संत गाडगेबाबा ग्राम स्वच्छता अभियान के तहत किए गए कार्यों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का बहुत अच्छा काम किया। उनके काम को देखते हुए सरकार की ओर से उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। प्रारंभ में पत्रकारिता सार्वजनिक शिक्षा, ज्ञान प्रसार और देश को आजादी दिलाने के लिए की गई। आजादी से पहले के दौर में मराठी मीडिया नेता ने ब्रिटिश काल की गलत नीतियों का विरोध करने का काम किया था. मराठी समाचार पत्र के माध्यम से समाज निर्माण का कार्य किया गया। उस समय के समर्पित पत्रकारों ने दिखाया कि समाचार पत्र सामाजिक प्रबोधन, स्वतंत्रता और जनजागरूकता का एक प्रभावी माध्यम है। आज के समय में इसी आदर्श के साथ काम करने की जरूरत है. सोशल मीडिया के युग में पत्रकार नागरिकों तक खबरें जल्दी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। जो गलत है उसकी आलोचना करना मीडिया का अधिकार है। पत्रकारों को समाज में अच्छी चीजें लाने और बुरी चीजों को रोकने के लिए काम करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री श्री. पवार ने किया. कॉफी टेबल बुक 'पुणे अचीवर्स 2023' के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को समाज के सामने लाने का काम किया गया है। वे देश और समाज की प्रगति और उत्थान में योगदान देते हैं। उपमुख्यमंत्री श्री. पवार ने कहा. श्रीमती चाकणकर ने कहा, बदलते युग में सामाजिक यथार्थ को धारा के विरुद्ध साहसपूर्वक समाज के सामने लाना और विवेक को जागृत रखना ही सच्ची पत्रकारिता का काम है। पत्रकारिता ने वंचित और कमजोर तत्वों को आवाज देने का भी काम किया है। श्रीमती चाकणकर ने यह भी कहा कि मीडिया को समाज में महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं और दुर्व्यवहार को सामने लाना चाहिए और घटना का लगातार फॉलोअप कर संबंधित पीड़िता को न्याय दिलाने में भूमिका निभानी चाहिए। श्री। मुंडे ने कहा कि औद्योगिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक शहर पिंपरी-चिंचवड़ में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनकी सफलता की कहानियों को कॉफी टेबल बुक के माध्यम से समाज के सामने लाया गया है. परिचय में श्रीमान. भोकरे ने कहा, एक पत्रकार को पत्रकारिता के क्षेत्र में हमेशा सामाजिक जागरूकता के साथ लगन से काम करना चाहिए। इसके माध्यम से आदर्श पत्रकारिता के व्रत का पालन किया जाना चाहिए। इस समय श्री. पवार ने साहित्य, कला, खेल, राजनीति, शिक्षा, उद्योग आदि क्षेत्रों के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों को 'पुणे अचीवर्स 2023' पुरस्कार वितरित किए।

## महारेरा के 2023 में कई अहम निर्णय
# घर खरीदारों को बनाया सशक्त, कई राज्यों ने भी किया अनुसरण

**मुंबईः** साल 2023 में महारेर ने कई महत्वपूर्ण और अग्रणी निर्णय लिए हैं, जिससे रियल एस्टेट क्षेत्र में सकारात्मक दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा और घर खरीदार सशक्त बनेंगे. साथ ही डेबलपर्स को जवाबदेह बनाकर रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता पैदा की जा रही है. इस निर्णय से घर खरीदने वालों को भी फायदा मिल रहा है. इनमें से कई निर्णय तो ऐसे हैं, जो अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाए गए हैं, इन निर्णयों में बिक्री के लिए स्टैंडर्डजेड एग्रीमेंट फॉर सेल और अलाटमेंट लेटर शामिल किए गए हैं. महारेर की स्थापना यह सुनिश्वित करने के लिए की गई है कि घर खरीदारों का निवेश संरक्षित और सनिशित पर गिल से. महाएराक पर .




सूक्ष्म नियंत्रण कक्ष की स्थापना

नियामक प्रावधानों के अनुपालन के लिए सूक्ष्म नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई. नए प्रोजेक्ट के रजिस्ट्रेशन के दौरान इस परियोजना के सभी निदेशकों के साथ-साथ प्रमोटर के पिछले प्रदर्शन के साथ डीआईएन नंबर और स्व-शपथ पत्र पर विवरण देना अनिवार्य कर दिया गया है. जो इस क्षेत्र में सभी लेनदेन का विवरण प्राप्त करने में सहायक हो सकता है, साथ ही मुआव्जे के वारंट की वसूली के लिए सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर की नियुक्ति की गई.

महारेर का मूल उद्देश्य किसी भी विवाद और गिकायत से बवना है. भविष्य में भी महारेर क्षेत्र में शिकायतों ये बचने के लिए और ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यकता के अनुसार मानकीकृत प्रक्रियाओं को परिभाषित करना जारी रखेगा. - अजोव मेहता, अध्यक्ष महारेरा

# मीरा भायंदर के भाजपा में टिकट को लेकर मचा घमासान

**मीरा-भायंदर.** राजनीतिक दृष्टिकोण से वर्ष 2024 काफी उठापटक बाला वर्ष साबित होने की संभावना अभी से दिखाई देने लगी है. एक तरफ 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का खाका तैयार किया जा रहा है. दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव की तैयारी और अक्टूबर 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो रहा है. राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी जोरों पर है कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ में भी कराए जा सकते हैं. ऐसे में अगर 145 मीरा-भायंदर विधानसभा सीट पर नजर डालें तो इस एक सीट पर बीजेपी से जैन, मेहता, व्याप्त 3 दावेदार दिखाई दे रहे हैं, जिससे बीजेपी से टिकट के लिए कांटे का मुकाबला दिखाई दे रहा है. अब चुनाव में टिकट किसके हिस्से में जाता है और क्या फिर बगावत के आसार बनेंगे? इसकी चर्चा शहर में जोरों पर है. वर्तमान परिदृश्य में गीता भरत जैन यहां से निर्दलीय विधायक है. वर्ष 2019 के चुनाव में बीजेपी से टिकट न मिलने पर उन्होंने बगावत की थी और बीजेपी .अप्मीदवार केंद्र मेहता को शिकस्त दी थी... हर तरह से टिकट के जुगत में भावी उम्मीदवार उनके चुनाव जीतने में शिवसेना (अविभाजित) का भी बड़ा योगदान रहा और जैन शिव बंधन में भी बंधी, लेकिन राज्य में राजनीतिक समीकरण बदलने के बाद उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) से दूरी बना ली. हालांकि वे खुद को नरेंद्र मोदी की समर्थक बताते हुए बीजेपी और वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाय शिंदे से नंजदीकियां बनाई हुई है.



## राजनीती से चाणक्य नेता की पकड मजबूत



दूसरी तरफ वर्ष 2019 में चुनावहारने के बाद भी नरेंद्र मेहता ने समय- समय पर मीरा-भायंदर की बीजेपी में अपना वर्चस्व साबित किया है. बीजेपी का वर्तमान जिलाध्यक्ष पद किशोर शर्मा को दिए जाने के पीछे भी मेहता का ही हाथ बताया जा रह है. उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फअणणवीस सहित बीजेपी के शीर्ष नेताओं तक उनकी गहरी पैठ है. मेहता भी 2024 के विधानसभा चुनाव की तैयारी मजबूती से कर रहे हैं और बीजेपी से टिकट की दावेदारी रखते हैं.

## मीरा भायंदर का चर्चित चेहरा बना रवि व्यास



बीजेपी से टिकट के तीसरे दावेदारों में पूर्व जिलाध्यक्ष एड. रवि व्यास का नाम भी आगे चल रहा है. बीजेपी के जिलाध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूत करने में पूरी ताकत झोंकी थी. हालांकि तब से उन्हें नरेंद्र मेहता के प्रतिद्वंदी के रूप में भी देखा जाने लगा था और बीजेपी यहां दो गुटों में बंट गई थी. बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने उन्हें 145 विधानसभा क्षेत्र प्रमुख बना कर चुनाव में टिकट मिलने की उनकी भी आस को जिंदा रखा है.

## गीता ने की पुष्टि, अन्य नेताओं ने साधी चुप्पी



आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी से टिकट की दावेदारी के संबंध में विधायक गीता जैन से पूछने पर उन्होंने इसकी पुष्टि के हुए हां कहा है. हालांकि दूसरे कोई भी नेता इस पर खुलकर कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं और पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे ईमानदारी पूर्वक निभाने की बात कहते दिखाई दे रहे हैं.

# वोक्हार्ट हॉस्पिटल ने बच्ची को दि नई जिंदगी

**मुंबई।** जन्म के समय, इस बच्चे के फेफड़े के ऊतकों में दुर्लभ अतिवृद्धि पाई गई, यह स्थिति 30,000 जीवित जन्मों में से केवल 1 में ही पाई जाती है। जन्मजात लोबार वातस्फीति (सीएलई) यह एक दुर्लभ बिमारी से पिडीत एक दो महिने के बच्चे की जान बचाने में मिरारोड के वॉक्हार्ट अस्पताल के डॉक्टरों को सफलता हासिल हुई हैं। बच्चे को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। बच्चे के शरीर में ऑक्सीजन के तुलना में कार्बनडाइ ऑक्साइड का स्तर जादा था। इस कारण बच्चे को निमोनिया हुआ था। एक महीने के इलाज के बाद बच्चे को अस्पताल से डिस्चार्ज दिया गया। मिरारोड के वॉक्हर्ट अस्पतालल के बाल चिकित्सा क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. अंकित गुप्ता ने इस बच्चे का इलाज किया हैं। विरार में रहनेवाले सोनू के माता-पिता उसके जन्म के बाद काफी खुश थे। लेकिन २-३ दिनों में बच्चे को सांस लेने में कठिनाई महसूस ही बच्चे की बिघडती सेहत को माता-पिता ने उसे वॉक्हार्ट अस्पताल दाखिल किया। मिरारोड के वॉक्हार्ट अस्पताल के बाल चिकित्सा क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ अंकित गुप्ता ने कहाँ की, आपातकालीन स्थिति में बच्चे को अस्पताल लाया गया।



बच्चे के शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा ७० और कार्बन डाइऑक्साइड १५० था । इस कारण बच्चे की सेहत बिघडती जा रही थी। बच्चे की वेंटीलेटर पर रखा गया। जब उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें हाई फ्रीक्वेंसी ऑसिलेटरी वेंटिलेटर पर रखा गया।

सीटी चेस्ट ने जन्मजात लोबार वातस्फीति के निदान की पुष्टि की, फेफड़ों की एक अत्यंत दुर्लभ विकासात्मक विकृति जो 30,000 जीवित जन्मों में से केवल 1 में पाई जाती है। यह स्थिति फंसी हुई हवा के कारण फेफड़े के लोबों में अत्यधिक सूजन का कारण बनती है जो फेफड़ों में प्रवेश तो करती है लेकिन बाहर नहीं निकल पाती है। आमतौर पर यह समस्या नवजात शिशुओं या छोटे शिशुओं में देखी जाता है। इस कारण फेफड़े का एक हिस्सा बड़ा हो जाता है और छाती के अन्य महत्वपूर्ण अंगों पर दबाव पड़ने लगता है। ऐसी स्थिती में तुरंत इलाज मिलना काफी जरूरी हैं। समय रहते इलाज नही हुआ तो मौत भी हो सकती हैं। डॉ. गुप्ता ने कहाॅ की, बाल चिकित्सा सर्जन डॉ. भावेश दोशी द्वारा बच्चे को वेंटीलेटर पर रखा गया था। उसके बाद लोबेक्टोमी (फेफड़े के प्रभावित लोब को हटाना) के साथ थोरैकोटॉमी के लिए निर्धारित किया गया। सर्जरी करीब 3 घंटे तक चली। सर्जरी के दौरान खून की न्यूनतम हानि हुई। ऑपरेशन के बाद बायां फेफड़ा अच्छी तरह फैल गया। इसलिए ऐसी स्थिती में बिमारी का निदान और इलाज जल्दी होना काफी जरूरी हैं। बच्चे की पिता ने कहाँ की सांस फूलने की समस्या से जूझ रहे हमारे बच्चे को देखकर हम काफी चिंतीत थे। लेकिन वॉक्हार्ट अस्पताल के डॉक्टर ने जल्दी इलाज करके हमारे बच्चे को नई जिंदगी दी हैं। हमारे बच्चे को नई जिंदगी लेने के लिए हम डॉक्टरों के आभारी हैं।

# समाज के बीच काम करने वालो की जरूरत : पंढरे



**भायंदरः** युवाओं को सामने आकर समाज के लिए काम करने की जरूरत है! छोटी छोटी बातो को लेकर घर परिवार में न उलझे यह बात इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा डॉक्टर हेडगेवार अस्पताल के वैद्यकीय संचालक डॉक्टर अनंत पंढरे ने केशव सृष्टि रामभाऊ महालगी प्रबोधिनी में आयोजित केशव सृष्टि पुरुस्कार के दौरान कही। उन्होंने कहा की युवाओं को लेकर कहा की यादि छोटी छोटी बातो में उलझे तो समाज की संधि छूट जायेगी इसलिए जितनी हो सके उतनी समाज सेवा करे! यह बात उन्होंने संभाजी नगर स्नेह सावली संस्था के डॉक्टर बालाजी आसेगावकर को एक समारोह के दौरान बुजुर्ग लोगो के जीवन में खुशियां भरने के उपलक्ष्य में एक लाख के केशव सृष्टि पुरुस्कार के दौरान कही उन्होंने कहा की केशव सृष्टि ने समाज के बच काम करने वाले लोगो में पिछले 13 वर्षो से ऊर्जा भरने का काम किया है।

प्रतिवर्ष की तरह होने वाली महापूजा केशव सृष्टि महोत्सव इस वर्ष अयोध्या में बनने वाले भगवान राम मंदिर को लेकर राम की थीम पर आयोजित की गई जिससे हजारों लोगो ने जुड़ कर भगवान सत्यनारायण पूजा के दर्शन किए,इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम,मेडिकल कैंप, खेलकूद,चित्रकला प्रतियोगिता, गौशाला में प्रदर्शनी,राम रथ, पालखी यात्रा, सहित अनेक आयोजनों का लोगो ने लाभ लिया।

प्रियदर्शन कुलकर्णी के संयोजन में हुए इस महोत्सव में सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे, सीपी मधुकर पांडे, विधायक गीता जैन,पूर्व उप महापौर हसमुख गेहलोत सहित अनेक नगरसेवकों, सहित केशव सृष्टि के अध्यक्ष एस एस गुप्ता,बिमल केडिया, सतीश सिन्नारकर, अल्का मांडके,हेमंत म्हात्रे, विनय नाथानी डॉक्टर सुशील अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अंतर्कलह से बढ़ सकती है पार्टी की चिंता

**भायंदर,** मीरा-भायंदर बीजेपी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज पांडे (दरोगा) को आए एक मोबाइल कॉल ने यह साबित कर दिया है कि पार्टी के अंदर की गुटबाजी अब भी सुलग रही है. दरअसल युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पांडे ने सोमवार को अपने फेसबुक पर एक पोस्ट किया था. बिना किसी के नाम का उल्लेख किए उन्होंने लिखा था कि मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि एक कार्यालय से कॉल आ रहे हैं और पूछा जा रहा है कि आप किसका साथ दोगे..? मैंने फिर से कहा कि हम संगठन के साथ हैं और रहेंगे. पांडे के इस पोस्ट ने फिर एक बार पार्टी के अंदर की गुटबाजी को उजागर तो किया ही, साथ ही कुछ माह से शांत गुटबाजी की चर्चाओ को पुनः जन्म दे दिया है. लोकसभा चुनाव की तैयारी बीजेपी जोर-शोर से कर रही है. संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत बनाने के सभी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं. कार्यकर्ताओ को घर- घर जाकर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जनहित के कार्यों का प्रचार,




पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने, जानकारी देने के आदेश दिए गए हैं. वहीं मीरा-भायंदर बीजेपी में सुलग रही अंतर्गत गुटबाजी शीर्ष नेताओं के माये पर बल ला सकती है. बता दें कि मीरा- भायंदर बीजेपी में पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता और पूर्व जिलाध्यक्ष एड. रवि व्यास के बीच चल रही गुटबाजी काफी चर्चित हुई थी. पार्टी के शीर्ष नेताओं ने गुटबाजी को समाप्त करने के लिए बीजेपी के जिलाध्यक्ष पद पर मेहता समर्थक किशोर शर्मा और युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर व्यास समर्थक पंकज पांडे (दरोगा) की नियुक्ति कर मेहता और व्यास में सामंजस्य बनाने का प्रयास किया था. जिलाध्यक्ष शर्मा ने भी मेहता और व्यास के बीच समन्वय बनाकर पार्टी और संगठन का कार्य शुरू किया था. कुछ माह से पार्टी के अंतर्गत चल रही गुटबाजी को विराम लग गया ऐसा प्रतीत हो रहा था. आम कार्यकताओं ने भी राहत की सांस ली थी.

# MBVV पुलिस की क्राइम ब्रांच यूजिट-3 ने तीन आरोपियों को किया

## पोर्न साइट पर किया इंटिमेट वीडियो अपलोड

**फिल्म ऑडिशन के बहाने बनाया पोर्नोग्राफी**

**1,90,650 रुपए कीमत की लेपटॉप, फोन शुटिंग सामग्री जब्त**

**मीरा - भायंदर,** बसई -बिरार पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट -3 की टीम ने 3 ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जो फिल्म ऑडिशन के बहाने पोनोंग्राफी बनाकर इंटिमेट वीडियो को पोर्न साइट पर अपलोड कर अपनी निजी कमाई करते थे. एक 18 वषीर्या पीड़ित लड़की ने इसकी शिकायत अनालां सागरी पुलिस थाने में की थी. गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला और दो पुरुषों का समावेश है. पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच क्राइम ब्रांच यूनिट - 3 को सौंपी गई थी. क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपियों का तांत्रिक विश्लेषण कर और खुफिया सूत्रों से जानकारी प्राप्त कर अनुज कुमार जयप्रकाश जायसवाल (30) और एक महिला आरोपी को विरार पूर्व से 15 दिसंबर को गिरफ्तार किया था. इसके बाद इस अपराध के फरार आरोपी सर्जु कुमार रमाकांत विश्वकर्मा (25) को बदलापुर से दिसंबर को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार आरोपियों के पास सेपोनोग्राफी वीडियो शूट करने के लिए इस्तेमाल की. गई मोबाइलफोन, लैपटॉप, ट्रॉयपॉड, गिंबल,शूटिंग लाइट ऐसे कुल 1,90,650 रुपए कीमत की सामग्री जब्त की गई है. आरोपियों 27 दिसंबर तक पुलिस रिमांड मंजूर की गई थी. यह कारवाई पुलिस उपायुक्त ( अविनाश अंबुरे (क्राइम), सहायक पुलिस आयुक्त मदन बललाल के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक प्रमोद बड़ाख, उपनिशीश्क अभिजीत टेलर, उमेश भागवत, हवलदार अशोक पाटील सचिन घेरे, मुकेश तटकरे आदि टीम ने की.



# मुंबई धमकी भरे कॉल पर सीएम शिंदे ने कहा, 'दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी'

### मुंबई धमकी भरे कॉल पर सीएम शिंदे की चेतावनी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस कंट्रोल को शनिवार शाम करीब 6 बजे एक अज्ञात कॉलर ने शहर में सिलसिलेवार विस्फोटों की चेतावनी दी। एक अधिकारी ने रविवार को कहा, फोन करने वाले ने फोन करने से पहले दावा किया कि मुंबई में सिलसिलेवार विस्फोट होंगे।

पुलिस हरकत में आई और शहर भर में कई प्रमुख सार्वजनिक स्थानों और प्रतिष्ठानों की तलाशी ली। हालांकि, कोई विस्फोटक उपकरण या कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि पुलिस फिलहाल कॉल करने वाले का विवरण जानने की कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम शिंदे ने कहा, 'मुंबई पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। किसी को भी किसी भी तरह से सफलता नहीं मिलेगी। हमारी पुलिस हर तरह से सक्षम है और अगर कोई कुछ गलत या नियमों के खिलाफ करेगा तो उसे सजा दी जाएगी। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'



# एयरपोर्ट से 14 करोड़ की कोकेन जब्त

**मुंबई ,**राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने हेयर कंडीशनर की बोतलों और बॉडी वॉश की बोतलों में कोकेन की तस्करी करने के आरोप में एक केन्याई महिला को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 14 करोड़ 90 लाख की कोकेन जब्त की गई है। डीआरआई इस बात की जांच कर रही है कि वह कोकेन किसे देने जा रही थी। डीआरआई को सूचना मिली कि एक महिला केन्या से ड्रग्स लेकर आ रही है। सूचना के बाद डीआरआई की एक टीम ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जाल बिछाया। महिला एयरपोर्ट पर आई। उसकी हरकतें संदिग्ध थीं। उससे सामान की जांच की। उसके बैग में हेयर कंडीशनर और बॉडी वॉश की एक बोतल मिली। इसमें पाउडर कोकेन थी। उन दोनों बोतलों से 1490 ग्राम कोकीन बरामद हुई। महिला के खिलाफ कोकेन तस्करी के मामले में केस दर्ज किया गया है।

# क्रेडिट नोट पॉलिसी को लेकर मनपा अब आयकर विभाग के रडार पर

**मुंबई.** परियोजना प्रभावितों के लिए मुंबई में बनाए जा रहे 14000 घरों के लिए मनपा प्रशासन ने बिल्डरों को कंस्टक्शन और जमीन के लिए एफएसआई देने के अलावा 1800 करोड़ रुपए का क्रेडिट नोट दिया है। मनपा में विपक्ष के नेताओं ने सत्तारूढ़ पार्टी शिवसेना के इस कदम का तीव्र विरोध किया था. क्रेडिट नोट पॉलिसी मामले में मनपा अब आयकर विभाग के रडार पर आ गई है. आयकर विभाग ने मनपा को नोटिस जारी किया है. आईटी को संदेह है कि क्रेडिट नोट पॉलिसी के जरिए बिल्डरों को फायदा पहुंचाया गया है. बता दे कि मनपा द्वारा जारी किए गए क्रेडिट नोट को संबंधित बिल्डर मनपा के विभिन्न टैक्स का भुगतान करने के अलावा किसी दूसरे को भी दिया जा सकता है। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने आरोप लगाया था कि मनपा द्वारा जारी किया गया क्रेडिट नोट भारत सरकार द्वारा जारी की गई करेंसी के समानांतर है जो पूरी तरह से अवैध है. उन्होंने इस पॉलिसी के खिलाफ केंद्र सरकार के सक्षम अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई थी। जिसको लेकर आईटी ने विभाग ने मनपा को नोटिस थमाया है।



### क्या है क्रेडिट नोट पॉलिसी

विशेषज्ञों के अनुसार मनपा द्वारा जारी क्रेडिट नोट एक तरह से करेंसी के तौर पर काम करता है। मनपा बिल्डरों को क्रेडिट नोट का सर्टिफिकेट जारी करती है. बिल्डर इस क्रेडिट नोट से मनपा में प्रॉपर्टी टैक्स, प्रीमियम, डेवलपमेंट चार्ज आदि का भुगतान कर सकता है. जिस तार ह पैसे का लेन देन होता है उसी तरह क्रेडिट नोट किसी को दिया जा सकता है क्योंकि यह ट्रांसफरेबल होता है.

मनपा के क्रेडिट नोट को अवैध बता कर सोमैया ने घोटाले का आरोप लगाया है. वर्ष 2021 में मनपा की सत्तारुढ़ पार्टी ने क्रेडिट नोट का चलन शुरू किया था. जिसका कांग्रेस अहित सभी विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया था.

### क्यों जारी हुई हुआ क्रेडिट नोट

मुंबई में विभिन्न परियोजनाओं चल रही हैं. इन परियोजनाओं के बीच आने वाले झोपड़ों को निष्काषित करने की जरूरत होती है. परियोजना प्रभावित प्रोजेक्ट के लिए मनपा को 75 हजार घरों की आवश्यकता है. मनपा अधिकारी का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर घरों का निर्माण करना मनपा के वश की बात नहीं है. इसलिए घरों का निर्माण का ठेका निजी बिल्डरों को दिया गया है. वह अपनी भूमि पर इमारतों का निर्माण कर फ्लैट बीएमसी को देगा. इससे मनपा रूके हुए प्रोजेक्ट को आसानी से पूरा कर सकती है.

### किसके फंसने की संभावना

कोरोना के दौरान मनपा पर घोटाला करने का आरोप लगा था. कैग ऑडिट में मनपा को भी दोषी ठहराया गया था. कोरोना घोटाले की जांच प्रवर्तन निदेशालय और मुंबई पुलिस की स्पेशल समिति कर रही है. एक और घोटाले में आईटी के कूदने से तत्कालीन मनपा आयुक्त और सत्तारूढ़ पार्टी शिवसेना के सदस्य क्रेडिट नोट पॉलिसी मामले में फंस सकते हैं.

### बिल्डरों को फायदा पहुंचाने वाली पॉलिसी

मनपा में विपक्ष के पूर्व नेता रवि राजा का कहना है कि जब मनपा बिल्डरों को घरों के निर्माण के लिए भूमि और इमारत निर्माण की कीमत के अलावा एफएसआई दे रही है तो करोड़ों रुपए के क्रेडिट नोट देने की क्या जरूरत है. यह पॉलिसी बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए लाई गई है. इसमें बहुत बड़ा घोटाला किया गया है. कांग्रेस ने इस पॉलिसी के खिलाफ लोकायुक्त में भी शिकायत दर्ज कराई थी. इस मामले को भाजपा नेता किरीट सोमैया द्वारा उठाने पर आईटी हरकत में आई है.

# महाराष्ट्र की नई पुलिस महा निर्देशक रश्मि शुक्ला

**मुंबई :** हाई प्रोफाइल आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की नई पुलिस महानिदेशक होंगी. सूत्रों ने शुक्रवार (29 दिसंबर) को यह जानकारी दी. शुक्ला वर्तमान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रजनीश सेठ से राज्य पुलिस की बागडोर संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. रजनीश सेठ जल्द ही महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालेंगे.



रश्मि शुक्ला फिलहाल डीजी पद पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. राज्य में शुक्ला ने अतीत में पुणे पुलिस आयुक्त और राज्य खुफिया विंग के निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है. वह फोन टैपिंग केस के बाद चर्चा में रही थीं.

राज्य की सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं रश्मि शुक्ला रश्मि शुक्ला राज्य की सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं. डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार ने वरिष्ठता के स्तर के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक सूची सौंपी है. एक उच्च पदस्थ ब्यूरोक्रेट ने बताया कि वरिष्ठता के मामले में शुक्ला के बाद महाराष्ट्र पुलिस हाउसिंग एंड वेलफेयर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक संदीप बिश्नोई और मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर हैं. रश्मि शुक्ला 1988 बैच की हैं, वहीं बिश्नोई और फणसलकर 1989 बैच के हैं. रश्मि शुक्ला 30 जून 2024 को रिटायर होंगी तो बिश्नोई 31 मार्च 2024 और फणसलकर 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त होंगे.

4 अक्टूबर को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रजनीश सेठ को एमपीएससी का अध्यक्ष नियुक्त किया था. हालांकि, तब उन्हें नया कार्यभार न संभालने और उनके स्थान पर किसी को डीजीपी नियुक्त किए जाने तक इंतजार करने के लिए कहा गया था. 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सेठ 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं. गृह मंत्रालय की ओर से निर्धारित मानदंडों के अनुसार, राज्य सरकार को पिछले 10 वर्षों के सेवा रिकॉर्ड के साथ वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारियों का एक पैनल प्रस्तुत करना होगा. गृह मंत्रालय एक शॉर्टलिस्ट बनाता है, जिसमें से राज्य सरकार नए डीजीपी का चयन करती है.

बॉम्बे हाई कोर्ट ने इसी साल 8 सितंबर को आईपीएस अधिकारी रश्मी शुक्ला के खिलाफ दो एफआईआर रद्द कर दी थीं. उन पर 2015-2019 के बीच कथित तौर पर राजनेताओं के फोन टैप करने का आरोप था, जब पिछला बीजेपी नेतृत्व वाला गठबंधन राज्य की सत्ता में था. मुंबई में दर्ज की गई पहली एफआईआर में शुक्ला पर पर शिव सेना (यूबीटी) नेता संजय राउत और एनसीपी नेता एकनाथ खडसे के फोन को अवैध रूप से टैप करने का मामला दर्ज किया गया था, जबकि पुणे में दर्ज की गई दूसरी एफआईआर में उन पर कांग्रेस नेता नाना पटोले के फोन को अवैध रूप से टैप करने का आरोप लगाया गया था.

# महाराष्ट्र में बीते 24 घंटे में 37 कोरोना केस, JN.1 वैरिएंट का कोई नया मामला नहीं



**मुंबई :** महाराष्ट्र में हर रोज कोरोना वायरस के नए मामले सामने आ रहे हैं. मंगलवार को राज्य में कोविड-19 के 37 नए मामले आए हैं. इसके साथ ही राज्य में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 194 हो गई है हैं, वहीं, आज 11 मरीजों को डिस्चार्ज भी किया गया है. राज्य में कोविड से रिकवरी रेट 98.18 प्रतिशत है. कोविड वैरिएंट JN.1 से संक्रमित कोई नया मरीज नहीं मिला है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक राज्य में मंगलवार को 3670 सैंपल में से 557 RT-PCR और 3113 RAT टेस्ट कराया गया है. बताया जा रहा है कि कुल संक्रमितों में सबसे अधिक ऑमिक्रोन वैरिएंट से पीड़ित हैं. महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार राज्य में सबसे अधिक ऑमिक्रोन से लोग संक्रमित हैं. इस साल अब तक इस वैरिएंट से कुल 1972 लोगों को संक्रमित पाया गया था. इनमें से 19 लोगों को जान गंवानी पड़ी है. महाराष्ट्र में JN.1 वैरिएंट के 10 मरीजों की पुष्टि वहीं, जेएन.1 वैरिएंट की बात करें तो राज्य में कुल 10 मरीज इससे संक्रमित हैं. इनमें ठाणे में पांच, पुणे नगर निगम में दो, पुणे ग्रामीण, अकोल नगर निगम और सिंधुदुर्घ में एक-एक मामले सामने आए हैं. इनमें एक मरीज 9 वर्ष का है तो कोई 28 तो कोई 40 से अधिक उम्र का है. इनमें से 8 ने वैक्सीन के दोनों डोज ले लिए थे. बताया जा रहा है कि पुणे के मरीज ने अमेरिका का दौरा कर चुका है. सभी मरीज होम आइसोलेशन में हैं. इन सभी मरीजों में हल्के लक्षण थे. राज्य में 20 से 26 दिसंबर तक 194 नए मामले सामने आए हैं जबकि इसके पिछले सप्ताह 36 मामले आए थे. अब तक सबसे अधिक मामले मुंबई में 88, ठाणे में 30, रायगढ़ में 19 , पुणे में 28 दर्ज किए गए हैं. 25 दिसंबर को जारी किए गए आंकड़े के मुताबिक 151 लोग होम आइसोलेशन में थे जबकि 17 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इनमें से 11 नॉन-आईसीयू में थे जबकि छह को आईसीयू में एडमिट कराया गया था.

# नए साल से पहले मुंबई को दहलाने की धमकी, पुलिस कंट्रोल के पास आया धमकी भरा कॉल, आरोपी की तलाश



**मुंबई :** महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस कंट्रोल के पास शनिवार को एक धमकी भरा फोन कॉल आया. शाम करीब 6 बजे मुंबई पुलिस कंट्रोल को फोन कर एक अज्ञात शख्स ने मुंबई में सिलेसिलेवार बम धमाके करने की धमकी दी. इतना कहने के बाद कॉल कट कर दिया गया. फोन कॉल को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में आ गई. जिसके बाद मुंबई पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की. लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है. फोन कॉल करने वाले शख्स की तलाश में जुटी पुलिस वहीं नए साल पर लोगों की तैयारी को देखते हुए मुंबई पुलिस ने कड़ा बंदोबस्त किया है. वहीं शनिवार शाम को आई फोन कॉल के बाद पुलिस स्टेशन और क्राइम यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया है. मुंबई पुलिस फिलहाल फोन कॉल करने वाले का पता लगाने में जुटी हुई है और जानने की कोशिश में जुटी हुई है कि आखिर अज्ञात शख्स ने कॉल क्यों किया. आपको बता दें कि आज नए साल की पूर्व संध्या पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए राज्य रिजर्व पुलिस बल के साथ साथ-साथ क्यूआरटी के कर्मचारियों को तैनात किया गया है. इन स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मुंबई पुलिस की तरफ से गेटवे ऑफ इंडिया, जुहू, दादर, बांद्रा, बैंडस्टैंड, मरीन ड्राइव मध व मार्वे के समुद्री तटों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा. 11 हजार 500 पुलिस जवानों के साथ-साथ 22 पुलिस उपायुक्तों, 2051 अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है. वहीं नए साल की पूर्व संध्या पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई पुलिस भी हाई अलर्ट पर है. मुख्य सड़कों पर वाहनों की चेकिंग की जाएगी. हंगामा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

पहले भी मिल चुकी है धमकी

आपको बता दें कि किसी अंजान शख्स द्वारा धमकी दिए जाने का ये कोई पहला मामला नहीं है. बल्कि इससे पहले भी मुंबई पुलिस के पास धमकी भरी फोन कॉल आते रहे है. ईमेल के द्वारा भी मुंबई में बम रखे जाने का दावा किया गया था.

# नए साल से पहले पुलिस ने पकडा नशीले पदार्थ का जखीरा



**ठाणे :** नए साल से पहले ठाणे में ठाणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने एक प्राइवेट प्लॉट में चल रही रेव पार्टी पर छापेमारी करते गुए 90 लड़कों और 5 लड़कियों को हिरासत में लिया है. इस रेव पार्टी में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए थे. रेव पार्टी में एलएसडी 0.41 ग्राम, 70 ग्राम चरस, गांजा के साथ चिलम, शराब जैसी कई नशीली पदार्थ उपलब्ध करवाए गए थे.

2 युवकों ने किया था रेव पार्टी का आयोजन पुलिस जांच के दौरान पता चला है कि इस रेव पार्टी का आयोजन 2 युवकों की तरफ से किया गया था. जिसमें से एक की उम्र 19 साल और दूसरे की उम्र 23 साल है. ये दोनों युवक कलावा और डोंबिवली के रहने वाले हैं. इसके साथ ही पुलिस ने 29 दोपहिया वाहनों को भी जब्त किया है. हिरासत में लिए गए युवकों को ठाणे के सिविल हॉस्पिटल में मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है.

नए साल की पूर्व संध्या पर पुलिस अलर्ट

नए साल की पूर्व संध्या पर भी ठाणे पुलिस अलर्ट मोड पर है. घोड़बंदर रोड पर कासारवडवली गांव के पास रेव पार्टी करने वाले 100 लोगों के खिलाफ ठाणे क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई है. पुलिस को शक है कि इस पार्टी में चरस, गांजा, शराब, एमडी जैसे कई तरह के नशीले पदार्थों का सेवन किया जा रहा था. सूचना के आधार पर पुलिस उपायुक्त अपराध शाखा के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में रविवार सुबह 3 बजे के करीब छापेमारी की गई. वडवली खाड़ी तट पर एक रेव पार्टी चल रही थी.

युवक नशे की हालत में डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे. पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करते हुए उनसे 0.41 ग्राम एलएसडी, 70 ग्राम चरस, 200 ग्राम गांजा और बीयर के साथ-साथ वाइन और व्हिस्की भी बरामद की.

# मुंबई के एक फैक्ट्री में लगी आग बचाने में जुटे दमकलकर्मी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में रविवार तड़के एक हाथ के दस्ताने बनाने वाली कंपनी में भीषण आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आग वालुज एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में करीब 02:15 बजे लगी।

### छह लोगों के शव बरामद

उन्होंने कहा कि जब हम घटनास्थल पर पहुंचे तो पूरी फैक्ट्री में आग लगी हुई थी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि फैक्ट्री के अंदर छह लोग फंसे हुए हैं, जिसके बाद अग्निशमन के अधिकारी अंदर गए और उन्होंने छह लोगों के शव बरामद किए।

### घटना के समय सो रहे थे कर्मचारी

वहीं, कंपनी के एक कर्मचारी ने एएनआई को बताया कि इमारत में जिस समय आग लगी उस दौरान 10 से 15 कर्मचारी सो रहे थे। आग की घटना के समय कई भागने में कामयाब रहे। समाचार एजेंसी एएनआई ने सुबह की वीडियो जारी की है, जहां देखा जा सकता है कि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर तैनात हैं।

# एमटीएचएल की लागत 2193 करोड़ रुपए बढ़ी, अभी भी 100 फीसदी काम पूरा नहीं

**मुंबई।** मुंबई के शिवडी से नवी मुंबई के न्हावाशेवा को जोड़ने वाले मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक परियोजना की लागत 2192 करोड़ रुपए बढ़ गई है। दो बार समय सीमा का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों पर अब तक कोई जुमार्ना नहीं लगाया गया है और 100 प्रतिशत काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है। इस बात की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मिली है। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को मिली जानकारी के अनुसार परियोजना के पैकेज 1, 2 और 3 की समग्र भौतिक प्रगति 98.92 प्रतिशत है, जबकि पैकेज 4 की भौतिक प्रगति 82 प्रतिशत है। औसत भौतिक प्रगति 98.41 प्रतिशत है। गलगली के मुताबिक समय पर काम पूरा नहीं होने से लागत बढ़ गई है।



यह ठेकेदारों की गलती है। बढ़ी हुई रकम चुकाने के बजाय अलग से जुमार्ना लगाना ज्यादा उचित होगा। यह परियोजना जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) से कर्ज लेकर बनाई जा रही है। पैकेज के तहत 1 लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम्स कंपनी लिमिटेड कंसोर्टियम का अनुबंध मूल्य 7637.30 करोड़ था। इसमें अब 999.67 करोड़ की बढ़ोतरी हो गई है। पैकेज-2 के तहत देवू इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड और टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड जेवी का कॉन्ट्रैक्ट प्राइस 5612.61 करोड़ था, जो अब 936.45 करोड़ बढ़ गया है। पैकेज के तहत 3 के तहत लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड का अनुबंध मूल्य 1013.79 करोड़ था। अब इसमें 232.37 करोड़ का इजाफा हो गया है। पैकेज 4 के तहत स्ट्रोबैग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सेफ्टी सॉल्यूशंस जीएमबीएच जेवी का अनुबंध मूल्य 449 करोड़ था। अब इसमें 23.24 करोड़ का इजाफा हुआ है। मूल खर्च 14712.70 करोड़ था, जो अब बढ़कर 16904.43 करोड़ हो गया है। अब इसमें 2192.73 करोड़ खर्च का कुल इजाफा हुआ है।

ठेकेदार 2 एक्सटेंशन से चूक गए

ठेकेदारों ने 2 एक्सटेंशन मिस कर दिए हैं। काम 22 सितंबर, 2022 को पूरा होने की उम्मीद थी। एमएमआरडीए प्रशासन ने पहला विस्तार 22 सितंबर 2023 तक दिया। इसके बाद 15 दिसंबर 2023 दूसरा विस्तार है। लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हुआ है।

12 जनवरी को उद्घाटन होने की संभावना

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी 12 जनवरी को मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) का उद्घाटन होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। यह देश का सबसे बड़ा और दुनिया में 12वें नंबर का सबसे बड़ा समुद्री पुल है।

# माया नगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डबल डेकर बसों में गैलरी



**मुंबई :** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मनपा नए-नए तरकीब अपना रही है। मनपा ने सड़क से बाहर हो चुकी डबल डेकर बसों में आर्ट गैलरी , कैफेटेरिया और लाइब्रेरी शुरू करने का फैसला किया है। मनपा ने बी वॉर्ड में सैंडहर्स्ट रोड परिसर में तीन डबल डेकर बसों से इसकी शुरूआत करने की योजना बनाई गई है। बसों को दक्षिण मुंबई के तीन जंक्शनों पर खड़ा किया जाएगा और इसमें आर्ट गैलरी, कैफेटेरिया और लाइब्रेरी की सुविधा प्रदान की जाएगी। मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फरवरी 2024 से इन बसों में यह सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। मनपा प्रयोग के तौर पर दक्षिण मुंबई के एक वॉर्ड में शुरू किया जा रहा है। जिसके सफल होने पर मनपा मुंबई के 25 वॉर्डों में शुरू करेगी । मुंबई शहर के पालक मंत्री दीपक केसरकर ने बेस्ट की बसों को धरोहर के रूप में रखने और लोगो को सुविधा देने की बात कही थी।मनपा ने बेस्ट को दो मंजिली बसों जिनकी आयु मयार्दा खत्म हो गई है ऐसी पुरानी डबल डेकर बसों में कैफेटेरिया, आर्ट गैलरी और लाइब्रेरी की सुविधा प्रदान करेगी। अधिकारी ने बताया गया कि इसके लिए बस का डिजाइन भी आर्किटेक्ट ने मनपा को उपलब्ध करा दिया है। एक डबल डेकर बस में कैफेटेरिया, दूसरी बस में लाइब्रेरी और तीसरी बस में आर्ट गैलरी होगी। इन बसों को बेस्ट ने स्क्रैप कर दिया है और इन्हें बदलकर ये सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इन बसों को तीन जंक्शनों पर खड़ा किया जाएगा। इनमें वाई एम रोड, क्रॉफर्ड मार्केट और शालीमार जंक्शन शामिल हैं। मुंबई में बेस्ट की पहली डबल डेकर बस 8 दिसंबर 1937 को यात्रियों के लिए शुरू की गई थी। एक बस की लाइफ लाइन पंद्रह वर्ष है। 15 सितंबर 2023 को बेस्ट बसों को परिचालन से बाहर कर दिया गया। बेस्ट के पास अब पुरानी डबल डेकर की एक भी बस शेष नहीं रह गई है। अब सभी नई बस वातानुकूलित और बिजली से चलने वाली है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI